# ...ों ने दो घंटे ठप किया काम

## ...प्राचार्य के निर्देश पर शुरू हुई जांच

...रही है. प्रभात खबर ने अपने
...मला प्रमुखता से प्रकाशित
...हुए प्राचार्य सह प्रभारी
...श दिया है. शनिवार को
...के पति की मौत के दिन रात
...में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों
...ही मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत
...डी व इमरजेंसी के कर्मियों
...सटी की तलाश करने का

**जाने क्या है मामला :** 14 मई की रात न्यू कार्मिक नगर के फुफवाडीह निवासी संतोष कुमार जायसवाल (43) सड़क दुर्घटना में घायल हो गये. सरायढेला पुलिस ने उन्हें एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया था. इलाज के दौरान लगभग दो घंटे बाद उनकी मौत हो गयी. 15 मई को सरायढेला पुलिस ने पत्नी सोनी का फर्दबयान लिया और शव को पोस्टमार्टम कर उन्हें सौंप दिया. पति के अंतिम संस्कार के बाद सोनी ने मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए अस्पताल को आवेदन किया. लगभग तीन माह से उन्हें दौड़ाया जा रहा है.

---

ने दो दिन पूर्व एजेंसी को मनसा पूजा के मद्देनजर वेतन भुगतान करने का आग्रह किया था. एजेंसी ने शुक्रवार को वेतन भुगतान करने पर सहमति जताई थी. शुक्रवार को सफाई कर्मियों के बैंक खाते में वेतन की राशि नहीं पहुंची. इसी से आक्रोशित सफाई कर्मियों ने कामकाज ठप कर दिया.

# सड़क मरम्मत की मांग को ले वासेपुर के लोगों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**धनबाद.** वासेपुर मटकुरिया वार्ड नंबर 14 में खराब सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर वासेपुर के लोगों ने शनिवार को नगर निगम के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. नगर आयुक्त से मिलने की कोशिश की. इसपर निगम के कर्मियों ने कहा कि सिर्फ पांच लोग ही मिल सकते हैं. इसके बाद पांच लोग नगर आयुक्त से मिलने गये. नगर आयुक्त ने उन्हें आधे घंटे इंतजार करने को कहा. इसपर लोग भड़क गये. बाहर निकलकर निगम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुर्तजा आलम ने बताया कि वासेपुर वार्ड नंबर 14 में आने वाले आरा मोड़, मटकुरिया बस्ती से काली मंदिर जाने वाली सड़क की सालों से मरम्मत नहीं हुई है. निगम से लोगों ने सड़क की मरम्मत का आग्रह भी किया, पर कोई सुनवाई नहीं हुई. बीते दिनों एक व्यक्ति इस सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया. उसके दोनों हाथ टूट गये. मुर्तजा ने कहा कि अगर नगर निगम ने सड़क की मरम्मत नहीं करायी तो, उग्र आंदोलन होगा.

# फूड सेफ्टी विभाग ने बॉम्बे स्वीट्स पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना



बॉम्बे स्वीट्स की जांच करते फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी.

- जांच के दौरान बेकरी आइटम मिले एक्सपायर

**वरीय संवाददाता, धनबाद**

खाने में गड़बड़ी मामले की शिकायत पर शनिवार को फूड सेफ्टी विभाग ने नावाडीह स्थित न्यू बॉम्बे स्वीट्स में जांच की. इस दौरान प्रतिष्ठान में कई बेकरी प्रोडक्ट एक्सपायर मिले. प्रतिष्ठान पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है. प्रीतम कुमार ने न्यू बांबे स्वीट्स के खाने में गड़बड़ी की शिकायत राज्य के फूड सेफ्टी कमिश्नर से की थी. उन्होंने फूड सेफ्टी अधिकारी राजा कुमार को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था. प्रीतम कुमार छह अगस्त को न्यू बांबे स्वीट्स खाना खाने गए हुए थे. शिकायत के अनुसार उन्होंने स्पेशल थाली का ऑर्डर किया था. उन्होंने थाली में कीड़ा होने का आरोप लगाया है.

**ब्रेड, पिज्जा मिले एक्सपायर :** जांच के दौरान फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को ब्रेड, स्लाइस, पिज्जा आइटम, कुकीज एवं अन्य सामग्री एक्सपायर मिली. विभाग के अधिकारियों ने एक्सपायर सभी सामग्री को जब्त कर जांच के लिए रांची भेज दिया है.

### टीम के साथ देखी खदान

**पुटकी.** नयी दिल्ली से आये अंतरराष्ट्रीय कंजरवेटिव, राजनीतिक, आर्थिक व विदेश नीति के विशेषज्ञ डॉ एसके दत्ता ने अपनी टीम के साथ शनिवार को डब्ल्यूजे एरिया के मुनीडीह प्रोजेक्ट भूमिगत खदान लोंगवाल माइंस का अवलोकन किया.

VACANCY FOR
Security Guard : Salary 12,000/- to 17,000/-
(Minimum Qualification 9th Pass)
Security Supervisor : Salary 15,000/- to 20,000/-
Security Officer : Salary 22,000/- to 30,000/-
(Qualification 10th-12th Pass & 1 Year Exp.)
Height (Min.) 5'5" - Age Limit 18 to 45 Years
EPF & ESIC Facility, Mess Facility At Job Site
Documents : Aadhar, Voter, Pan Card
IN WEST BENGAL & JHARKHAND
CHAMPION SECURITY
M : 7501182205 / 8972910980
RAY SAHEB BUILDING, G. T. ROAD, PUNJABI MORE, RANIGANJ-713358, (W.B.)

प्राग्देहकृतकर्मफलोपभोगार्थं
सानुशयस्यैवप्रस्तुतत्वान्नजीवन्मुक्तेर्व्यभिचारः तस्मादेवमपरिहार्यो बहूनि मे व्यतीतानि
जन्मानि तव चार्जुन। तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप ।



शोक बैठक

मान्यवर, अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे भाई
**श्रवण कुमार अग्रवाल**
का स्वर्गवास बुधवार, 07 अगस्त 2024 को हो गया है।
**इसके हेतु शोक बैठक**
**रविवार, 11 अगस्त और 12 अगस्त 2024 को सांय 3 से 6 बजे तक।**
**18 अगस्त - द्वादस एवं पगड़ी रस्म- दोपहर 3.00 बजे ।**

**हमारे निवास स्थान : गणपति अपार्टमेंट बी ब्लॉक 6th floor, धोआटॉड़, धनबाद में रखी गयी है।**

**संपर्क सूत्र :**
श्री भीम प्रसाद अग्रवाल : 9304826387
श्री संकेत वासका: 8981297565

**शोकाकुल :**
श्री भीम प्रसाद अग्रवाल (भाई)
श्री संकेत बासका (पुत्र), श्री शुभम बासका (पुत्र)
श्री रवि बासका (भतीजा)
श्री द्वारका प्रसाद गोयनका (ससुर)

**न्यायालय, सिविल जज, वरीय कोटि संख्या- षष्टम, धनबाद।**
**ओरिजनल सुट नं0-77/2022**
**मेसर्स बी.सी.सी.एल... वादी।**
**बनाम**
**किस्टो माहतो .... प्रतिवादी**
**प्रकाशन माध्यम द्वारा सम्मन**

प्रेषित,

किस्टो माहतो, पिता- जलेश्वर माहतो, साकिन- ग्राम बलिहारी, पो0- कुसुण्डा (भागाबाँध), थाना- पुटकी, जिला- धनबाद।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वर्णित मुकदमा (सुट) दायर किये हैं।

तदोपरांत न्यायालय द्वारा रजिस्ट्री डाक से नोटिस एवं सिविल कोर्ट नजारत, धनबाद द्वारा आपके नाम से नोटिस/सम्मन भेजा गया है। परंतु आप न्यायालय में अभीतक उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः आप दिनांक 13.08.24 को समय 7.30 बजे पूर्वाह्न आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर इस वाद (केस) में अपना जबाव दाखिल करें। अन्यथा इस वाद (केस) में एकपक्षीय कार्रवाई होगी।

इसे ताकिद समझें।

न्यायालय,
सिविल जज, वरीय कोटि सं0- षष्टम,
धनबाद